# गाडरवारा मुख्य बाजार की सड़कें बनीं अवैध पार्किंग

## पैदल चलना मुश्किल, यातायात व्यवस्था पर उठे सवाल



**नवभारत/ नरसिंहपुर/ गाडरवारा।** नगर की यातायात व्यवस्था को लेकर नागरिकों में लगातार नाराजगी बढ़ती जा रही है। मुख्य बाजारों में दुकानों के सामने बेतरतीब तरीके से खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहनों के कारण सड़कें संकरी हो गई हैं।

### बाजारों में बढ़ती अव्यवस्था

कई स्थानों पर पैदल चलने तक की पर्याप्त जगह नहीं बचती, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। व्यस्त बाजार क्षेत्रों में वाहन सड़क किनारे व्यवस्थित पार्क करने के बजाय दुकानों के सामने और सड़क के हिस्से में खड़े कर दिए जाते हैं। इससे दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है और स्थानीय व्यापार के साथ आम नागरिक भी प्रभावित होते हैं। यातायात प्रबंधन पर सवाल, स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर के भीतर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नियमित निगरानी और कार्रवाई की आवश्यकता है। कुछ नागरिकों ने यह भी आरोप लगाए हैं कि यातायात पुलिस की प्राथमिकता मुख्य बाजारों की व्यवस्था सुधारने के बजाय बाईपास पर वाहन जांच पर अधिक रहती है।

**नागरिकों की मांग**

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मुख्य बाजारों में नियमित यातायात पुलिस की तैनाती की जाए। अवैध पार्किंग पर प्रभावी कार्यवाही हो। निर्धारित पार्किंग व्यवस्था विकसित की जाए। जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए ठोस योजना बनाई जाए। अब देखना होगा कि पुलिस और प्रशासन नागरिकों की इन शिकायतों पर क्या कदम उठाते हैं और बाजारों को जाम व अव्यवस्था से कब राहत मिलती है।

## 5 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया

**नवभारत, नरसिंहपुर।** जिले की ग्राम पंचायत रानी पिपरिया में सिंगरी नदी स्थित माता मंदिर के समीप लगभग 5 एकड़ शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर उसे जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए विकसित किया जा रहा है। इस परिसर में वर्षा जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन के उद्देश्य से लगभग 500 स्टैगर्ड कंटूर ट्रेंच-एससीटी का निर्माण कराया गया है। एससीटी निर्माण के पश्चात परिसर में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा पौधरोपण किया गया। पौधों की सुरक्षा एवं परिसर के संरक्षण के लिए संपूर्ण क्षेत्र में तार फेंसिंग का कार्य भी कराया जा रहा है।

## दलित महिला अध्यक्ष सातवें दिन भी अनिश्चितकालीन धरने पर

**नवभारत, चीचली, नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले की चीचली जनपद पंचायत इन दिनों गंभीर प्रशासनिक विवाद के कारण सुर्खियों में है। जनपद पंचायत की निर्वाचित अध्यक्ष राधा अहिरवार पिछले सात दिनों से जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी हैं। उनका आरोप है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) अभिषेक गुप्ता लगातार उनके संवैधानिक एवं प्रशासनिक अधिकारों का हनन कर रहे हैं तथा उनके साथ जातिगत भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जा रहा है।

इस मामले को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है। धरने पर बैठी अध्यक्ष राधा अहिरवार ने पत्रकारों से चर्चा में बताया कि जनपद कार्यालय में अध्यक्ष के लिए अलग शासकीय कक्ष और मुख्य कुर्सी निर्धारित है, इसके बावजूद सीईओ अभिषेक गुप्ता उसी कक्ष का उपयोग करते हैं और अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठकर कार्यालयीन कार्यों का संचालन करते हैं। उनका कहना है कि यह एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि के अधिकारों और सम्मान का खुला उल्लंघन है।

इस पूरे घटनाक्रम से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने की बात कही जा रही है, जिसने विवाद को और अधिक चर्चा में ला दिया है। अध्यक्ष ने सीईओ पर जातिगत भेदभाव के भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि अनुसूचित जाति वर्ग से होने के कारण उन्हें लगातार उपेक्षा और मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनपद पंचायत की महत्वपूर्ण बैठकों, विकास कार्यों, योजनाओं और प्रशासनिक निर्णयों की जानकारी उन्हें नहीं दी जाती।

यदि कोई कर्मचारी उन्हें शासकीय जानकारी उपलब्ध कराने का प्रयास करता है तो उस कर्मचारी पर भी दबाव बनाया जाता है और उसे प्रताड़ित किया जाता है। राधा अहिरवार का कहना है कि उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत जिला प्रशासन, वरिष्ठ अधिकारियों तथा शासन स्तर तक कई बार लिखित रूप से की, लेकिन अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### एक नजर में

#### जयकारों के साथ हुआ आर्यिका संघ का आगमन, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

**नवभारत, गोटेगांव।** जैन समाज के लिए रविवार का दिन उत्सव का बन गया। परम पूज्य आचार्य विद्यासागर जी महाराज एवं आचार्य विवेक सागर जी महाराज के आशीर्वाद तथा आचार्य समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से उनकी शिष्या ज्येष्ठ आर्यिका श्री विज्ञान मति माताजी ससंघ का गोटेगांव में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। सुबह करीब सवा आठ बजे जैसे ही आर्यिका संघ का कमोद रोड से नगर की सीमा पर आगमन हुआ, पूरा क्षेत्र जयकारों से गूंज उठा। जैन समाज के सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं ने कमोद रोड पर एकत्रित होकर संघ की भक्तिमय आगवानी की। समाज जनों ने पाद प्रक्षालन और आरती उतारकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

#### जिले में बाल अधिकारों से जुड़ी महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सम्पन्न

**नवभारत, नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना गुप्ता की अध्यक्षता में जिले में बाल अधिकारों से जुड़े स्टेक होल्डर्स की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बच्चों के अधिकारों की स्थिति, शाला त्यागी बच्चों, छात्रावासों, मेधावी छात्र योजना, निःशुल्क साइकिल, पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। गुप्ता ने निर्देश दिए कि स्कूलों में बच्चों को बाल अधिकारों, गुड टच-बैड टच और उनसे जुड़े कानूनी प्रावधानों के बारे में जागरूक करने के लिए नियमित अंतराल पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने जर्जर स्कूल भवनों, बालक-बालिकाओं के लिए शौचालयों की उपलब्धता और उनकी स्थिति पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

#### युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 20 जुलाई को नरसिंहपुर में

**नवभारत, नरसिंहपुर।** जिला रोजगार अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि रोजगार, स्वरोजगार व अप्रेंटिसशिप मेला के अवसर पर बेरोजगार शिक्षित युवक- युवतियों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में सोमवार 20 जुलाई को प्रातः 10 .30 से शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर में किया जायेगा। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं के ऋण वितरण पत्र जारी किये जायेंगे तथा स्वरोजगार मूलक योजनाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी। इसके साथ- साथ विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन कर निजी प्रतिष्ठीत कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

#### अधेड़ पर कट्टा अड़ाकर स्कूटी लूटी

**नवभारत, जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत करिया पाथर मरघटाई के पास शनिवार सुबह तीन अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने एक अधेड़ को घेरकर उन पर देशी कट्टा तान दिया। बदमाश पीड़ित से छीनाझपटी करते हुए उनकी स्कूटी लूटकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, समदड़िया ग्रीन सिटी माढ़ोताल निवासी धर्मपाल सिंह राजपूत (56), ऑटो चालक हैं, शनिवार सुबह करीब 9:30 से 9:45 बजे के बीच करिया पाथर मरघटाई खारी विसर्जन कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। जैसे ही वह मरघटाई के पास स्थित काली मंदिर के समीप पहुंचे, तभी सामने से एक काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए तीन लड़कों ने उनका रास्ता रोककर उन्हें चारों तरफ से घेर लिया।

## श्रीनगर पंचायत की लापरवाही से सड़क बनी नदी, घुटनों तक भरा पानी

**नवभारत, गोटेगांव।** अंतर्गत ग्राम पंचायत श्रीनगर में लगातार हो रही बारिश के बीच ग्राम पंचायत की लापरवाही सामने आई है। समय पर नालियों की सफाई नहीं होने के कारण मुख्य मार्ग पर घुटनों तक पानी भर गया है। जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से बरसाती पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार सरपंच एवं सचिव को नालियों की सफाई और जल निकासी की व्यवस्था सुधारने की शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके चलते बरसात का पानी दुकानों में भी घुस रहा है, जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। स्कूल आने-जाने के दौरान बच्चों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे उनकी यूनिफॉर्म खराब हो जाती है और दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है।



नाली सफाई नहीं होने से श्रीनगर में जलभराव, स्कूली बच्चे और व्यापारी परेशान

## खरीफ फसलों को नहीं मिल रहा उचित माहौल



**नवभारत, तेंदूखेड़ा।** इन दिनों मानसूनी मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है।अभी तक कुल 283 मिमी बारिश ही मापी गई है जबकि पिछले साल अभी तक इस सीजन में 626 मिमी बारिश हो चुकी थी।इस वारिस से पूरे साल का हिसाब बनता बिगड़ता है। यदि यही स्थिति रही तो आने वाले समय में गंभीर स्थिति निर्मित हो जायेगी। बरसात के पानी को सहेजने की नितांत आवश्यकता हो गई है।

जानकार किसानों का कहना है कि अभी धान की रोपाई के लिए पर्याप्त पानी की जरूरत है। स्थिति यह देखने को मिल रही है कि बरसात जैसे समय में भी विद्युत मोटर पंपों का सहारा लेना पड़ रहा है। जुलाई माह भी आधे से ज्यादा निकल जाने के बाद अगस्त और सितंबर माह में ही बारिस पर नजरें लगी हुई है। इस वर्ष वारिस लेट होने के कारण वैसे भी मक्का की फसल को उचित माहौल ना मिल पाने के कारण फसल ग्रोथ नहीं कर पा रही है।नींदा नाशक डालने के बाद भी कचड़ा बड़ी संख्या में बढ़ रहा है। इस वर्ष तुअर का रकबा भी बढ़ा हुआ है। लेकिन उसकी पत्ती में भी कीड़े दिखाई दे रहे हैं। लेट वारिस के कारण क्रांति धान का रकवा बढ़ गया है उसके साथ साथ उड़द का भी रकवा बढ़ रहा है। और मौसम भी उसके हिसाब से ठीक है। लेकिन अन्य फसलों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। अन्य प्रजातियों की धान को पर्याप्त मात्रा में पानी ना मिल पाने के कारण मचाई करके धान का रोपण भी नहीं हो पा रहा है। पक्के सड़क मार्ग और नालियों के जरिए बरसात का पानी सीधा बह जाता है। जमीन पानी सोख पाती नहीं है। ऐसी स्थिति में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की नितांत आवश्यकता है। प्रत्येक भवन निर्माण के समय यदि यह व्यवस्था भी होने लगेगी तो बरसात का पानी जमीन के भीतर जा सकेगा। चूंकि धरती की कोख से पानी प्रचुर मात्रा में खूब निकाल रहें हैं लेकिन उसमें डालने की दिशा में केवल शासन प्रशासन को ही जवाबदेह बना रहे हैं। प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि अपने अपने घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम व्यवस्था बनायें।

## बैगलेस डे पर विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा, बनाई आकर्षक ड्राइंग और पेंटिंग

**नवभारत, गाडरवारा।** ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में शनिवार को नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तहत बैगलेस डे गतिविधियों का शुभारंभ ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के साथ किया गया। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जुलाई से जनवरी तक प्रत्येक माह एक शनिवार को स्कूलों में बैगलेस डे आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शहीद भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, पर्यावरण संरक्षण, पृथ्वी, नदी, राधा रानी, अंगूर के गुच्छे सहित अनेक आकर्षक चित्र और पेंटिंग तैयार कीं। विद्यार्थियों की रचनात्मकता और कल्पनाशीलता ने सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए चयन किया गया।



विद्यार्थियों की रचनात्मकता और कल्पनाशीलता ने सभी का मन मोह लिया

## एक करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात




**नवभारत, गाडरवारा।** गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कौड़ियां, लिलवानी और सडूमर में एक करोड़ रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में सांसद चौधरी दर्शन सिंह और तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल (मुलायम भैया) ने भाग लेते हुए ग्रामीण विकास को नई गति देने का संकल्प दोहराया।

ग्राम कौड़ियां में लगभग 49 लाख रुपये की लागत से बनने वाले मंगल भवन एवं सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इन कार्यों से ग्रामीणों को सामाजिक आयोजनों और आवागमन की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इसके बाद ग्राम लिलवानी में करीब 65 लाख रुपये की लागत से निर्मित अस्पताल भवन, सीसी सड़क और नाली निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस दौरान विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने ग्रामीणों की मांग पर खेरापति मंदिर परिसर में दो टीन शेड और दो चबूतरों के निर्माण की घोषणा की। सांसद दर्शन सिंह ने क्षेत्र के अन्य आवश्यक विकास कार्यों के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान सांसद और विधायक ने भाजपा कार्यकर्ता रामेश्वर मामर के निवास पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह अभियान हरित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

## रायपुर स्कूल में स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रम

- रोटरी क्लब द्वारा विद्यालय को भेंट किए
- गए वाटर कूलर



**नवभारत, गाडरवारा।** ग्राम रायपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को विद्यालय के 18वें स्थापना दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब गाडरवारा की उपस्थिति में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब द्वारा विद्यालय को भेंट किए गए वाटर कूलर का लोकार्पण, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण तथा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। शिक्षक अम्बर शर्मा ने विद्यालय की स्थापना से अब तक की गौरवशाली उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए शून्यता से दिव्यता की यात्रा का उल्लेख किया। रोटरी क्लब के पूर्व असिस्टेंट गवर्नर मिनेन्द्र डागा एवं अशोक राजपूत की अनुशंसा पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अखिल देव मिश्र द्वारा प्रदत्त वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया। इसके बाद एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत चंदन, रुद्राक्ष, मौसंबी, चीकू, नींबू, सफेद जामुन, सुपाड़ी, काली मिर्च, केला एवं अन्य प्रजातियों सहित कुल 21 पौधों का रोपण किया गया। सभा को संबोधित करते हुए रोटरी क्लब के अध्यक्ष शरद मौलासरिया ने गुरु-शिष्य परंपरा, अनुशासन और नियमित अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। पूर्व ए.डी.जी. मिनेन्द्र डागा ने विद्यार्थियों को प्रेरक संदेश देते हुए कहा, प्रणाम से परिणाम बदलते हैं और संगत से रंगत बदलती है। उन्होंने विद्यार्थियों को श्रेष्ठ संस्कार, सकारात्मक सोच, अच्छी संगति तथा लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर राष्ट्र सेवा का संकल्प लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभा सम्मान समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

## गुप्त नवरात्रि के चतुर्थ दिवस पर हनुमान मंदिर में हुआ विशेष पूजन और महाआरती

**नवभारत, गोटेगांव।** श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में बजरंग सेना नर्मदाखंड आरती महाआरती समिति द्वारा शनिवार को श्री रामभक्त हनुमान जी की संगीतमय महाआरती श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। यह गुप्त नवरात्रि के चतुर्थ दिवस पर आयोजित 345वाँ संगीतमय महाआरती सप्ताह था। विशेष पूजन पं. दीपक तिवारी के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि विधान से किया गया। मोनू चौरसिया के सुपुत्र निशांक बासु के जन्मदिन पर विशेष पूजन अर्चन हुआ। संकट मोचन जी को इमरती, जलेबी, गुड़-चना एवं फलों का भोग अर्पित कर प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा श्री राम स्तुति, हनुमान चालीसा व महाआरती का सामूहिक गायन किया गया। समिति की भजन मंडली के श्यामाचरण पाराशर अखिलेश सोनी धर्मेंद्र चौबे सालकराम साहू एच.एस. ठाकुर श्यामाचरण झरिया सुशील दुबे पंकज नोरिया विजेंद्र ठाकुर सहित अन्य सदस्यों ने भजनों की प्रस्तुति दी। सुशील दुबे एवं परिवार द्वारा उनकी पुत्री का खाद्य विभाग अधिकारी में चयन होने पर सभी भक्तों को रसगुल्ला का भोग लगाकर प्रसाद अर्पित किया गया। महाआरती के बाद निशांक बासु को जन्मदिन पर तिलक लगाकर समिति सदस्यों द्वारा पुष्प माला से स्वागत किया गया।

## कन्या नवीन स्कूल में जागरूकता सेमिनार आयोजित

- किशोरावस्था की मानसिक एवं भावनात्मक चुनौतियां एवं समाधान विषय पर छात्राओं को संबोधित किया



**नवभारत, गाडरवारा।** स्थानीय पीएमश्री शासकीय कन्या नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को माहेश्वरी महिला मंडल, गाडरवारा द्वारा बाल एवं किशोरी विकास समिति के अंतर्गत करियर काउंसलिंग एवं जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। मुख्य वक्ता नागपुर से आई काउंसलर मनीषा देशमुख ने किशोरावस्था की मानसिक एवं भावनात्मक चुनौतियाँ एवं समाधान विषय पर छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने संवादात्मक शैली में छात्राओं से विभिन्न प्रश्न पूछे और उनके मन की जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल का उपयोग केवल अध्ययन और सकारात्मक उद्देश्यों के लिए किया जाना चाहिए। किशोरावस्था में भटकाव की संभावना रहती है, लेकिन अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहकर ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष अनुराधा काबरा ने कहा कि आज के दौर में युवाओं के लिए इस प्रकार के मार्गदर्शन और समस्या समाधान शिविरों की अत्यंत आवश्यकता है तथा महिला मंडल आगे भी ऐसे सामाजिक कार्यों का आयोजन करता रहेगा।

## ई-केवायसी व योजनाओं के पंजीयन के लिए आज लगेंगे शिविर

**नवभारत, नरसिंहपुर।** जिले में विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने तथा पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी, समग्र ई-केवायसी एवं विभिन्न योजनाओं के लंबित पंजीयन कार्यों को पूर्ण करने के उद्देश्य से कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशानुसार 20 जुलाई को जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। शहरी क्षेत्र में 20 जुलाई को नगर पालिका गाडरवारा के जगदीश वार्ड व विवेकानंद वार्ड और नगर पालिका नरसिंहपुर के बजरंग वार्ड व पटेल वार्ड में शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों के दौरान नागरिकों की ई-केवायसी एवं समग्र ई-केवायसी, डुप्लीकेट, मृतक एवं स्थायी रूप से पलायन कर चुके व्यक्तियों के नाम विलोपित करने की कार्रवाई तथा एक आधार से लिंक एकाधिक समग्र आईडी का निराकरण किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में यह कार्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के जीआरएस तथा शहरी क्षेत्रों में नगरीय प्रशासन के माध्यम से किया जाएगा। इसके अलावा पटवारियों द्वारा किसानों का यूनिक फार्मर आईडी पंजीयन, पोस्टमैन के माध्यम से आधार कार्ड अपडेट, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा आयुष्मान कार्ड निर्माण तथा आजीविका मिशन के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के आवेदन भी भरवाए जाएंगे।

**भूमिपूजन** ▶ उपस्वास्थ्य केंद्र सहित सड़कों की सौगात

## विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन



**नवभारत, तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी और विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने शनिवार को ग्राम पंचायत लिलवानी में विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत पूजनअर्चन कर लोकार्पण किया। उन्होंने 49 लाख रुपए की लागत से निर्मित उपस्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया गया। साथ ही 12 लाख रुपए एवं 4.86 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित बनने वाली सीसी सड़क निर्माण कार्यों का भी लोकार्पण कर शुभारंभ किया। कोड़िया में 25 लाख रुपए से बनने वाली सामुदायिक भवन 3.20 लाख की लागत से बनने वाली सीसी सड़क 8.42 लाख की लागत से बनने वाली सड़क तथा 5.40 लाख रुपए की लागत से बनने वाली बाउंड्री वॉल का भूमि पूजन किया। ग्राम भूमियाढाना में 11.22 लाख से बनने वाली आंगनवाड़ी 25 लाख की लागत से बनने वाली दो सी सी सड़कों का भूमिपूजन किया।इसी तरह ग्राम भौंरझिर में 25 लाख की लागत से हाट बाजार 15 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन 2 लाख की लागत से सी सी सड़क तथा डेढ़ लाख रुपए की लागत से पेबर ब्लॉग का भूमिपूजन किया।

**प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है**

इन कार्यों से ग्रामवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं एवं आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय प्रतिनिधियों ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। प्रदेश में सड़क शिक्षा स्वास्थ्य सिंचाई उद्योग कृषि एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं।

## मॉडल रोड किनारे जमी मिट्टी की परत से हादसे की आशंका

- हल्की वर्षा होने पर भी किनारों पर जमी मिट्टी बहकर मुख्य सड़क पर आ जाती है



**नवभारत, गोटेगांव।** नगर के फुआरा चौक से पेट्रोल पंप तक मॉडल रोड के दोनों किनारों पर मिट्टी की मोटी परत जम गई है, जो वाहन चालकों एवं पैदल चलने वाले नागरिकों के लिए दुर्घटना का कारण बन सकती है। स्थानीय रहवासियों ने संबंधित विभाग से समय रहते समस्या के निराकरण की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि बारिश के मौसम में हल्की वर्षा होने पर भी किनारों पर जमी मिट्टी बहकर मुख्य सड़क पर आ जाती है। इससे सड़क पर फिसलन की स्थिति बन जाती है, जिसके कारण पूर्व में कई नागरिक दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि मिट्टी की परत न केवल यातायात में बाधा बन रही है, बल्कि पैदल चलने वाले राहगीरों, विशेषकर बुजुर्गों एवं स्कूली बच्चों के लिए भी खतरा बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों से आग्रह किया है कि जनहित को देखते हुए सड़क किनारे जमी मिट्टी को तत्काल हटवाया जाए तथा बारिश से पूर्व स्थायी समाधान किया जाए, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना को टाला जा सके।